पंजाब केसरी 12/02/2026

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विषय में जानकारी देती वक्ता। (गेरा)

सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में ए.आई. पर कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम आयोजित

बराड़ा, 11 फरवरी (गेरा): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशन एंड मैनेजमैंट विभाग द्वारा सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस करियर अवसरों के द्वार विषय पर कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ए.आई. की भूमिका, उसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों और इससे जुड़े करियर अवसरों के प्रति जागरूक करना था।

सत्र के दौरान वक्ता डा. गीता कौशिक तथा डा. दिशा अरोड़ा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न पहलुओं, इसके बढ़ते प्रभाव और भविष्य में रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर ए.आई. टूल्स का लाइव प्रदर्शन भी किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए करियर काउंसलिंग भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में एक विचार-मंथन एवं खुली चर्चा सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संवादात्मक सत्र के माध्यम से उनके प्रश्नों का समाधान किया गया तथा उन्हें करियर चयन के लिए उपयुक्त मार्गदर्शन प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज केवल तकनीक नहीं, बल्कि भविष्य की कार्यशैली का आधार बन चुका है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीकों को सीखने, नवाचार की सोच विकसित करने तथा बदलते समय के साथ स्वयं को अपडेट रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रमों को छात्रों के समग्र विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के प्रिंसीपल हरपाल सिंह ने कॉलेज प्राचार्य व समस्त फैकल्टी टीम का विद्यालय में आकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को नई दिशा देने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करते हैं।